लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

संसद सदस्यों ने डॉ. जी.एस. ढिल्लों को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 6 अगस्त, 2019: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला; पूर्व उप प्रधानमंत्री, श्री एल.के. आडवाणी; संसद सदस्यों और पूर्व संसद सदस्यों ने आज लोक सभा के पूर्व अध्यक्ष, डॉ. जी.एस. ढिल्लों की वर्षगांठ के अवसर पर संसद के केन्द्रीय कक्ष में उन्हें श्रद्धांजलि दी।

लोक सभा की महासचिव, श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव ने भी डॉ. ढिल्लों को पुष्पांजलि अर्पित की।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित डॉ. ढिल्लों के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

डॉ. जी.एस. ढिल्लों का व्यक्तित्व बहुआयामी था। उनकी रुचियों में कानून, पत्रकारिता और शिक्षा तथा खेल-कूद से लेकर संवैधानिक अध्ययन तक शामिल था। डॉ. ढिल्लों ने अपना संसदीय जीवन 1952 से 1967 तक पंजाब विधान सभा के सदस्य के रूप में शुरू किया। वह 1952 में विधान सभा के उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए और 1954 तक इस पद पर रहे। वह 1954 में अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुए और 1962 तक इस पद पर रहे। 1965-66 के दौरान वह पंजाब सरकार में मंत्री रहे। वह 1967 में लोक सभा के लिए चुने गए। 8 अगस्त, 1969 को उन्हें सर्वसम्मति से चौथी लोक सभा का अध्यक्ष चुना गया। 1971 में पाँचवीं लोक सभा के लिए निर्वाचित होने पर डॉ. ढिल्लों को 22 मार्च, 1971 को पुनः लोक सभा अध्यक्ष के रूप में चुना गया। वह आठवीं लोक सभा के सदस्य भी रहे।

डॉ. ढिल्लों ने 1 दिसम्बर, 1975 को अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया और केन्द्रीय मंत्रिमंडल में पोत परिवहन और सड़क परिवहन मंत्री का कार्यभार ग्रहण किया। वह 12 मई, 1986 से 14 फरवरी, 1988 तक कृषि मंत्री रहे।

अपने लंबे और विशिष्ट सार्वजनिक जीवन में डॉ. ढिल्लों ने योजना आयोग के सदस्य तथा कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त सहित विभिन्न पदों पर रहते हुए देश की सेवा की। 23 मार्च, 1992 को डॉ. ढिल्लों का निधन हो गया।

PARLIAMENTARIANS PAY FLORAL TRIBUTES TO DR. G. S. DHILLON

New Delhi, 6 August 2019: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla; former Deputy Prime Minister Shri L. K. Advani; Members of Parliament and former Members of Parliament paid floral tributes at the portrait of the former Speaker of Lok Sabha, Dr. G.S. Dhillon in the Central Hall of Parliament House, on his birth anniversary today.

The Secretary-General of Lok Sabha Smt. Snehlata Shrivastava also paid floral tributes to Dr. Dhillon.

A booklet containing the profile of Dr. Dhillon, brought out in Hindi and English by the Lok Sabha Secretariat, was presented to the dignitaries.

Dr. G.S. Dhillon was a multi-faceted personality with interests that ranged from law to journalism and from education and sports to constitutional studies. Dr. Dhillon started his parliamentary career as a member of the Punjab Legislative Assembly from 1952 to 1967. He was elected Deputy Speaker of the Assembly in 1952 and remained in Office till 1954. He was elected the Speaker in 1954 and held the office till 1962. During 1965-66, he was Minister in the Punjab Government. He was elected to the Lok Sabha in 1967. On 8 August 1969, he was unanimously elected as the Speaker of the Fourth Lok Sabha. After his return to the Fifth Lok Sabha in 1971, Dr. Dhillon was re-elected as the Speaker on 22 March 1971. He was also a Member of the Eighth Lok Sabha.

Dr. Dhillon resigned from the Office of the Speaker on 1 December 1975 and became the Minister of Shipping and Transport in the Union Cabinet. He was Minister of Agriculture from 12 May 1986 to 14 February 1988.

In his long and distinguished public life, Dr. Dhillon served the country in various capacities, including as member of the Planning Commission and Indian High Commissioner to Canada. Dr. Dhillon passed away on 23 March 1992.